# Hindustan Times

# 8 west U.P. seats go to polls tomorrow

**MEERUT :** After witnessing pressers, road shows, rallies, allegations and counter-allegations, campaigning in eight Lok Sabha constituencies of west Uttar Pradesh, which go to polls on Friday, concluded on Wednesday evening.

According to the Election Commission, 1.43 crore people were eligible to cast their votes in the first phase.

These include 76.23 lakh males, 67.14 lakh females and 824 transgenders.

Twelve candidates are in the fray from Moradabad, 14 from Kairana, 11 each from Muzaffarnagar and Bijnor, 10 each from Saharanpur and Pilibhit, and six candidates each from Nagina and Rampur. →P4

## Campaigning ends for 8 U.P. seats going to polls tomorrow

**HT Correspondent**
letters@htlive.com



**The stage is set for a three-cornered contest between the BJP-led NDA, SP, and the BSP.** FILE

**MEERUT:** After witnessing pressers, road shows, rallies, allegations and counter-allegations, campaigning in the eight Lok Sabha constituencies of west UP, which go to polls on Friday, concluded on Wednesday evening.

According to the Election Commission, 1.43 crore people were eligible to cast their votes in the first phase. These include 76.23 lakh males, 67.14 lakh females and 824 transgenders.

Twelve candidates are in the fray from Moradabad, 14 from Kairana, 11 each from Muzaffarnagar and Bijnor, 10 each from Saharanpur and Pilibhit, and six candidates each from Nagina and Rampur.

The constituencies that go to polls in the first phase include Kairana, Saharanpur, Muzaffarnagar, Bijnor, Nagina, Rampur, Moradabad and Pilibhit where BJP has teamed up with RLD while Congress and Samajwadi Party are together in an alliance. Thus, the performance of these alliances would also be of much interest. The BSP has decided to go solo.

Of the eight seats in the 2019 elections, BJP had bagged Muzaffarnagar, Kairana and Pilibhit, the SP got Moradabad and Rampur, and the BSP Saharanpur, Nagina, and Bijnor. Later, in a by-election, BJP wrested back Rampur.

Thus, the results in this phase of polls would also pave way for the alliance candidates.

For the BJP, Prime Minister Narendra Modi led the campaign along with chief minister Yogi Adityanath, defence minister Rajnath Singh, union home minister Amit Shah, deputy CMs Keshav Prasad Maurya and Brajesh Pathak.

RLD chief Jayant Choudhary also held several rallies in west UP constituencies, which are part of the 'Jat land' - RLD's core voter base. Former CMs Akhilesh Yadav and Mayawati led the campaign for their respective parties while Congress leaders Rahul and Priyanka Gandhi held pressers and road shows to drum up support for their candidates. The BJP's campaign pitch focused on law and order, construction of Ram temple, abrogation of Article 370 in Kashmir, triple talaq and strong governance while opposition leaders flagged issues of unemployment, inflation, Agniveer scheme, farmers' plight and electoral bonds.

The stage is set for a three-cornered contest between the BJP-led NDA, Samajwadi Party, and the Bahujan Samaj Party (BSP).

Chief electoral officer Navdeep Rinwa said no campaign related activities by candidates is allowed in these eight constituencies now. The presence of workers of all political parties has also been restricted, he said.

Political experts believe that the outcome of the first phase would also be a test for INDIA bloc as all these seats have 35 to 40% Muslim voters and chances of opposition alliance would improve if its candidates manage to attract Dalit and OBC votes too.

Prime Minister Narendra Modi has already addressed rallies in Meerut and Pilibhit, while UP chief minister Yogi Adityanath has addressed more than 20 rallies in these seats.

BSP president Mayawati and her nephew Akash Anand have addressed several election meetings canvassing for party candidates. Akhilesh Yadav addressed rallies in Pilibhit, Bijnor, Muzaffarnagar, Moradabad, and Nagina. Prominent candidates in this phase are Jitin Prasada from Pilibhit, Union minister Sanjeev Balyan from Muzaffarnagar, and Azad Samaj Party chief Chandra Shekhar Azad from Nagina.

INPUT FROM AGENCY

# Pioneer

## Campaign ends for eight LS seats going to vote in UP's first phase

PNS ■ LUCKNOW

Election campaign in eight Lok Sabha constituencies going to polls in the first phase of election on April 19, ended on Wednesday evening. In Uttar Pradesh, the most crucial political state which sends 80 members to Lok Sabha, elections will be held in seven phases.

In the first phase, polling will take place in eight constituencies primarily in western UP - Saharanpur, Kairana, Muzaffarnagar, Bijnor, Nagina, Moradabad, Rampur and Pilibhit. This region of the state, which has a sizable Muslim population, has historically been a challenge for the Bharatiya Janata Party.

Of the eight constituencies going to polls on April 19, the BJP had secured victories in just three in 2019 - Muzaffarnagar, Pilibhit and Kairana. The Samajwadi Party had won Moradabad and Rampur while the Bahujan Samaj Party had bagged Saharanpur, Bijnor and Nagina. The SP and BSP had contested the 2019 general elections in alliance, but the alliance collapsed soon after the election. The BJP had later wrested the SP stronghold Rampur in the bypoll held in June 2022.

The Indian National Developmental Inclusive Alliance (INDIA), a mega grouping of opposition parties, was almost conspicuous by its absence during the campaign as Akhilesh Yadav was the only campaigner. He addressed only one meeting in Muzaffarnagar and a press conference in Ghaziabad on Wednesday. Priyanka Gandhi Vadra was the only Congress leader to campaign in Saharanpur on Wednesday.

Bahujan Samaj Party president Mayawati and her nephew Akash Anand also addressed election meetings in Muzaffarnagar and Bijnor in support of their party candidates.

One of the most interesting contests in the first phase elections will be in Pilibhit, where the Bharatiya Janata Party has denied ticket to its sitting Member of Parliament Varun Gandhi and fielded UP PWD Minister Jitin Prasada, once a close aide of Rahul Gandhi. The replacement of the candidate caused a fair amount of buzz in Pilibhit as the Samajwadi Party made it an issue. BJP leaders, including Prime Minister Narendra Modi and UP chief Minister Yogi Adityanath have campaigned aggressively for Prasada in Pilibhit.

Prasada is being challenged by SP's Bhagwat Saran Gangwar and Anis Ahmed Khan of the BSP.

Rampur is another constituency to watch out for since it was once a stronghold of jailed SP leader Mohammad Azam Khan. The jailed leader wanted SP chief Akhilesh Yadav to contest from Rampur. Yadav, however, turned down the offer and much to the chagrin of Azam Khan gave the ticket to Maulana Mohibullah Nadvi, a cleric of a mosque in Delhi.

Muzaffarnagar, known for its intricate caste dynamics and latent communal divide ever since the worst ever communal violence in the district in 2013, is also witnessing a three-cornered electoral battle, with Union Minister Sanjeev Balyan locked in close contest against SP's Harindra Malik and BSP candidate Dara Singh Prajapati.

The electoral contest in Kairana will also be closely watched where the once-dominant issue of "exodus" seems to have dwindled. Moreover, SP's triumph in Kairana in the 2022 assembly election has prompted a re-evaluation of strategy by the BJP.

Saharanpur is also a key battleground constituency, known as the 'serial number one seat' in UP. Prime Minister Narendra Modi campaigned in Saharanpur to canvass support for the BJP candidate and CM Yogi Adityanath held a roadshow there. Over the years, Saharanpur has oscillated between the SP, BJP and BSP. BJP's Lakhanpal won this Lok Sabha seat in 2014 but in 2019 BSP candidate Haji Fazlur Rehman wrested the seat from him. In the run-up to the polls, Imran Masood, the Congress leader who made controversial remarks against PM Modi, has returned to the grand old party after stints with SP and BSP. Chief Minister Yogi Adityanath has aggressively campaigned in both Saharanpur and Kairana Lok Sabha constituencies.

Unlike previous elections, no controversial statements have been made by political leaders during the campaigning this time. All political parties have so far avoided communal statements, which were common in past elections.

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

## अमर उजाला

**पहला चरण**

# प्रचार थमा, मतदान कल

### यूपी की आठ सीटों समेत देशभर की 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 को पड़ेंगे वोट

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/ नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार बुधवार शाम पांच बजे थम गया। अब अगले 36 घंटे तक प्रत्याशी घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। इस चरण में यूपी की आठ सीटों समेत 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। बृहस्पतिवार को मतदान स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इन सीटों पर आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल समेत 1,625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों और पोलिंग बूथों पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये है।



**छत्तीसगढ़...नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान कराना बेहद चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को हेलिकॉप्टर के जरिये बस्तर भेजा जा रहा है।**

**यूपी में यहां मतदान**

सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा),मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत

- **चौथे चरण की अधिसूचना आज :** 10 राज्यों की 96 सीटों पर 13 मई को होगा मतदान। इसमें यूपी की 13 व जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी मतदान होगा।

**गडकरी, बालियान की किस्मत का होगा फैसला**

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं।
- अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की कोशिश कर रहे हैं।
- डिब्रूगढ़ से जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं।
- उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में।

तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर से मैदान में है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

चुनाव से पहले राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी हैं।

**अंतिम दिन झोंकी ताकत** प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने पूरी ताकत झोंक दी। >> पहचान पत्र के लिए 12 विकल्प : पेज 3

दैनिक जागरण

# पहले चरण की 102 सीटों पर थमा चुनावी शोर, मतदान 19 अप्रैल को

जाब्यू, नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु सहित 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पहले चरण में शामिल 102 लोकसभा सीटों पर बुधवार शाम छह बजे चुनावी शोर थम गया। पहले चरण की इन सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होंगे। पहले दौर में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री व एक पूर्व राज्यपाल की चुनावी किस्मत का फैसला भी होगा।

पहले चरण में नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मैदान में हैं, जबकि छिंदवाडा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ मैदान में हैं। कोयंबटूर से तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई चुनावी समर में हैं।

**नागपुर से गडकरी, छिंदवाड़ा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ और कोयंबटूर से अन्नामलाई मैदान में**

पहले चरण में नौ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसे हैं, जहां सभी सीटों के लिए चुनाव होगा। इनमें तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में संप्रग ने इन 102 सीटों में से 45 और राजग ने 41 सीटें जीती थीं।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## हिन्दुस्तान

# प्रथम चरण के प्रचार का शोर थमा

**लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार बुधवार शाम को थम गया। पहले चरण में 21 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे इनमें यूपी की आठ सीटें शामिल हैं। इससे पहले दिग्गज नेताओं ने प्रचार में ताकत झोंकी।**

## आशा, विश्वास और गारंटी लाए :मोदी

**अगरतला / नलबाड़ी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को त्रिपुरा और असम में अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आया हूं। असम के नलबाड़ी में मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए क्षेत्र की उपेक्षा की। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में कांग्रेस शासन के 60 साल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने दस साल में हासिल किया।



## मुख्यमंत्री ने कन्याओं के पांव पखारे

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मां सिद्धिदात्री की आराधना और हवन-पूजन किया। फिर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

राष्ट्रीय सहारा

# प्रथम चरण का प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा के लिए प्रथम चरण में होने वाले मतदान को लेकर बुधवार को प्रचार कार्य थम गया। इन सीटों पर मतदान कराने के लिए बृहस्पतिवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी सम्बन्धित जिला मुख्यालयों से की जाएगी। इन सीटों के लिए मतदान शुक्रवार को प्रातः सात बजे से सायं छह बजे तक होगा। शान्तिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सम्बन्धित जिलाधिकारियों व पुलिस के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भेजे जा चुके हैं। अन्तिम दिन सभी पार्टी के नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

प्रथम चरण के लिए यूपी की जिन सीटों के लिए मतदान होना है उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत शामिल हैं। यह सभी आठ लोकसभा क्षेत्र सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत व बरेली जिले में आते हैं। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य 20 मार्च से 27 मार्च के बीच किया गया है। आठ सीटों पर कुल 155 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे थे जिसमें जांच के दौरान 28 मार्च को 71 नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये जबकि 30 मार्च को नाम वापसी के दौरान चार प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इसके बाद इन सीटों से कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष व सात महिला उम्मीदवार हैं। इन सीटों के लिए प्रचार कार्य बुधवार की शाम छह बजे थम गया। हालांकि प्रत्याशियों का व्यक्तिगत मतदाताओं से मिलने का कार्य जारी है। अन्तिम दिन प्रचार को लेकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशियों ने लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सहारनपुर में रोड शो किया तो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद व मुरादाबाद में जनसभाएं की। भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ ही रालोद के जयंत चौधरी ने भी सभा की।

- **पहले चरण की आठ सीटों के लिए कल पड़ेंगे वोट**
- **80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1.43 करोड़ मतदाता**
- **प्रातः सात से सायं छह बजे तक होगा मतदान**

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि आठ लोकसभा क्षेत्रों के मतदान के लिए कुल 7693 मतदान केन्द्रों पर 14842 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। जहां पर 1.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला व 824 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी बृहस्पतिवार को सम्बन्धित जिलों से की जाएगी। शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## हिन्दुस्तान

# चौथे चरण के लिए आज से शुरू होंगे नामांकन



लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा दद्रौल विधानसभा उप चुनाव के लिए गुरुवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चौथे चरण में शाहजहाँपुर (सु.), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई(सु.), मिश्रिख (सु.),उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (सु.), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (सु) में चुनाव होना है।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## अमर उजाला

# चौथे चरण के लिए नामांकन आज से, 13 मई को मतदान

**अमर उजाला ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच किए जा सकेंगे।

रिणवा ने बताया कि चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच (अजा) में चुनाव होगा। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है। 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। 29 अप्रैल को नाम वापसी होगी।

## मतदान के लिए 12 पहचान पत्र मान्य

**लखनऊ/नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। मतदान के लिए 12 फोटो पहचान पत्र मान्य होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखा कर मतदान कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम और पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों-विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा दी गई मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। ब्यूरो

## दैनिक जागरण

### चौथे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी होगी। चौथे चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों और ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। 13 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के मध्य किए जा सकेंगे। चतुर्थ चरण में शाहजहांपुर (अजा), लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधानसभा के लिए उपचुनाव होगा। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है।

चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केंद्र और 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। वहीं, ददरौल विधानसभा क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता हैं, जिनमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.72 लाख महिला मतदाता हैं।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## स्पष्ट आवाज

# प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीटों पर थमा प्रचार, मतदान 19 को

**संदेश वाहक ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पहले चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार का शोर बुधवार की शाम छह बजे थम गया। पार्टियों के स्टार प्रचारकों से लेकर चुनाव लड़ाने के लिए पहुंचे बाहरी कार्यकर्ताओं और नेताओं की मौजूदगी भी अब प्रतिबंधित रहेगी। पहले चरण का मतदान 19 अपैल को होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समयावधि के समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में किसी भी राजनैतिक दल और उनके प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में किये जाने वाले चुनाव प्रचार संबंधी सम्पूर्ण गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। इस अवधि में निर्वाचन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के



बाद निर्वाचन क्षेत्र के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और रोक संबंधी निर्देश का पालन करें।

### इन सीटों पर होगा मतदान

19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण की यह सभी 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में आते हैं। प्रथम चरण की इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 07 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता हैं। इनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला तथा 824 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र तथा 14844 मतदेय स्थल हैं।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

राष्ट्रीय सहारा

# चौथे चरण की 13 सीटों पर नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

**लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के चौथे चरण के लिए 18 अप्रैल (बृहस्पतिवार) से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू होगा। उत्तर प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों के साथ ही शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर 13 मई को मतदान होना है।

**■ ददरौल विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी होगा नामांकन**

नामांकन पत्र पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के मध्य दाखिल किये जा सकेंगे। इन सीटों पर नामांकन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का नामांकन 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होंने के साथ ही प्रारम्भ हो जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे। चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों में शाहजहांपुर (सुरक्षित), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (सुरक्षित), मिश्रिख (सुरक्षित), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (सुरक्षित), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (सुरक्षित) के लिए चुनाव होना है। चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की व पांच सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रुखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच सहित 13 जिलों के अन्तर्गत आते हैं। इसके साथ ही शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भी नामांकन का कार्य चतुर्थ चरण के साथ होगा। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 25 अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 29 अप्रैल को नामांकन पत्र वापसी के साथ चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा। इन सीटों के लिए मतदान 13 मई को होगा।

उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष व 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र तथा 26588 मतदेय स्थल हैं। ददरौल विधानसभा क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष व 1.72 लाख महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

## हिन्दुस्तान

# यूपी में तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर

**तैयारी**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग लोकेशंस पर डेप्लॉय किया गया है। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव सभी सात चरणों में होना है। इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को हायर किया गया है।

### हर चरण में अलग-अलग लोकेशन पर होंगे मुस्तैद

प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को मुस्तैद किया गया है। उदाहरण के रूप में 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में मुस्तैद किया गया है। दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात किया है।

### ताकि आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना रोकी जा सके

आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे। इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। प्रदेश शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

## संदेश वाहक

# चुनाव में एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर रहेंगे तैनात

संदेश वाहक ब्यूरो



- **मेडिकल सुविधा के अलावा अर्द्धसैनिक व पुलिस बल को भी भेजा जाएगा एक से दूसरे स्थान पर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया है। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव सभी सात चरणों में होना है। इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को हायर किया गया है।

**एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम:** आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे। इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। उप्र शासन के एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा।

### प्रत्येक चरण में अलग-अलग स्थानों पर होगी व्यवस्था

प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गयी है। उदाहरण के रूप में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में डेप्लॉय किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल)और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण में हेलिकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में लोकेट किया गया है। 13 मई को चौथे चरण में हेलिकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में तैनात रहेगा। इसी प्रकार पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलिकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलिकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानि एक जून को हेलिकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात होंगे।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## स्वतंत्र भारत

# लोकसभा चुनाव के दौरान तैनात रहेंगी एयर एबुंलेंस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। यूपी में 7 चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी आपदा व आपात परिस्थितियों से निपटने के साथ चुनाव में तैनात फोर्स को भी मिलेगी मदद

### -आपात परिस्थितियों से निपटने व फोर्स को भी मिलेगी मदद

के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस व हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी प्रकार की आकस्मिक संकट के समय आवश्यकता पड़ने पर मदद मिल सकती है। अर्द्धसैनित बलों, पुलिस फोर्स के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इन एयर एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग लोकेशंस पर डेप्लॉय किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक इनके प्रयोग के लिए हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। यूपी के लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों में होना है इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को हायर किया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को निर्धारित किया गया है उदारहण के तौर पर 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी यूपी की सीटों पर मतदान होना है इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अर्पेल व 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल बरेली में डेप्लॉय किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण के मतदान यानि 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में 25 व 26 अप्रैल को तैनात किया जाएगा जबकि एयर एम्बुलेंस को 26 अप्रैल,को मेरठ में तैनात किया गया है। इसी तरह तीसरे चरण 6 व 7 मई में भी यही व्यवस्था के अनुरूप तैनात रहेंगे और 13 मई को चौथे चरण में हेलिकॉप्टर 12 व 13 मई को लखनऊ में तैनात रहेगा वहीं पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलिकॉप्टर झांसी में और एयर एम्बुलेंस लखनऊ में तो वहीं छठे चरण के मतदान के दौरान हेलिकॉप्टर अयोध्या और एयर एम्बुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानि 1 जून को हेलिकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात रहेगी। आपात परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा बल को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एम्बुलेंस मददगार साबित होंगे। इसके माध्यम से प्रभावित स्थान पर तत्काल सहायाता उपलब्ध, कराई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के तौर पर उठाया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति व बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड से न्यनतम उपयोग 2 घंटे प्रतिदिन के लिए लीज पर लिया गयां हैं करीब 7 दिन के हिसाब से इस पर करीब लाखों रुपए के खर्च होने की संभावना है। प्रदेश की शासन की ओर से इसकी स्वीकृति वित्तीय विभाग नें दे दी है। नियमानुसार गणना का दायित्व उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग व यूपी पुलिस मुख्यालय लखनऊ की होगी।

## राष्ट्रीय सहारा

# मतदान केन्द्रों पर रहेगी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था : रिणवा



लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान को लेकर मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक व पुलिस बल तैनात किये गये हैं। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक सम्बन्धी आयोग का निर्देश सभी राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेन्टों के ध्यान में लाएं। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार सम्बन्धी गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के अन्दर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ बातचीत में उपयोग कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कार्मिकों को हीट स्ट्रोक से बचने व स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके।

**18.14 लाख लोग पाबन्द :** नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति भंग की आशंका से प्रदेश भर में अब तक 2394541 लोगों को पाबन्द करने की नोटिस जारी की गयी, जिनमें से 1814807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। सघन जांच के लिए 513 अंतरराज्यीय तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 6744 अवैध शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853.5 किलोग्रांम विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये।

# 47555 नये वोटर पहली बार करेंगे वोट

प्रत्यूष मिश्र

**जिले के नौ विधान सभा क्षेत्रों में 18-19 आयु वर्ग के 2 लाख, 51 हजार, 875 मतदाता**




लखनऊ। किसी भी चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। जब बात हो लोकतंत्र के महापर्व की तो युवाओं की भागीदारी खास हो जाती है। लोस चुनाव में चुनाव आयोग व जिला प्रशासन मतदान के प्रति युवाओं की पूर्ण भागीदारी के प्रति संवेदनशील है। आयोग द्वारा हर वह प्रयास किया जा रहा है जिससे युवा मतदाता ज्यादा से ज्यादा चुनाव के प्रति जागरूक हो ओर दूसरों को मतदान के प्रति प्रेरित करें। युवाओं की भागीदारी से न केवल वोट प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि इसका संदेश भी स्पष्ट होगा।

जिला उप निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह ने बताया कि जिले में फर्स्ट टाइम 47 हजार 555 वोटर है। जो पहली बार अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती देने का काम करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सहायक अभय किशोर ने बताया कि जिले में 18-19 आयुवर्ग के 2 लाख 51 हजार 875 वोटर है। जिसमें पुरूष वर्ग के 1 लाख 31 हजार 401 मतदाता है तो वहीं महिला वर्ग के 1 लाख 20 हजार 473 मतदाता है। इस लोस चुनाव में आयोग व जिला प्रशासन ने सबसे ज्यादा जोर युवा मतदाताओं को जोड़ने पर दिया है। उसके लिये 27 अक्टूबर से पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत कर दी गयी थी। एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिये कई विशेष अभियान चलाये गये। सभी मतदान केंद्रों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत छह विशेष तिथियों पर कैंप लगाये गये। जिसमें सभी बीएलओ ने अपने-अपने बूथ पर आये हुये मतदाताओं की समस्या ओर समाधान का निस्तारण किया गया है। जिससे यह अभियान सार्थक साबित हुये। यही नही जिनके नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं है। उन्हे अंतिम अवसर के तौर पर 23 अप्रैल है। जो आयोग की वेबसाइट व वोटर हेल्पलाइन ऐप पर जा कर फार्म-6 पर आवेदन कर सकते है। जिला प्रशासन ने 50 से अधिक सोशल मीडिया इंनफ्लून्शर को युवा साथी बनाया है। जो मतदान के दिन लोगो को मतदान करने के लिये जागरूक करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सहायक ने बताया कि इस बार के चुनाव में नये वोटर के आवेदन तेजी से आये है। इस बार के लोस चुनाव में युवा मतदाता वोट देने के लिये काफी उत्साहित नजर आ रहे है। जो लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाता है।

आयोग द्वारा फर्स्ट टाइम वोटर को जोड़ने के लिये ऑनलाइन ऐप भी काफी कारगर साबित हुआ। जहां पर अधिकांश युवा घर बैठे ही निर्वाचन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फार्म-6 भरकर आवेदन किया। फार्म-6 ऑफलाइन या ऑनलाइन जमा करने बाद ,बूथ लेवल अधिकारी सत्यापन करता है। जब सत्यापन प्रक्रिया में कोई विसंगतियां नहीं होती है। तो सफल मतदाता पहचान सत्यापन पर आवेदक वैध मतदाता पहचान पत्र के लिये पात्र हो जाता है। कुछ दिनो के अन्दर उसका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाता है।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

### हिन्दुस्तान

# पोलिंग स्टेशनों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने मण्डल के सभी पोलिंग स्टेशनों पर बिजली पानी का इंतजाम कराने का निर्देश दिया है। बुधवार को उन्होंने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों के साथ आन लाइन बैठक की। उन्होंने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्देश दिया है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम लगातार करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी माहौल में सम्पन्न कराया जाएगा। अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा है। बैठक में मण्डलायुक्त ने संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का पूर्व में ही निरीक्षण करने को कहा ताकि कोई दिक्कत न हो। उन्होंने मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण ससमय गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों पर पानी, बिजली, रैम्प व वाहनों की उपलब्धता, शौचालय की नियमित साफ-सफाई, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा है कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण प्राथमिकता पर कराएं। निरीक्षण के दौरान बूथों पर अगर किसी प्रकार की कमियां मिलती हैं तो उसको तत्काल चुस्त-दुरुस्त कराया जाए।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## दैनिक जागरण

### वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को जुटेंगे अफसर

**जासं ● लखनऊ :** 20 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के आयोग के निर्देशों के बाद प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटा है। बुधवार को मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने मंडलीय अफसरों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। मंडलायुक्त ने कहा, सभी जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेहद गंभीरता से प्रयास किया जाए। मतदाता सूची से लेकर मतदान केंद्र तक किसी तरह की परेशानी मतदाताओं को नहीं होनी चाहिए। सभी जिलों के अफसर वोटिंग प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर जागरुकता कार्यक्रमों के अलावा प्रभावी लोगों की मदद लें। जिनकी समाज में अच्छी छवि हो, ऐसे लोगों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील कराएं। अफसर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और समस्या का निदान करें।



मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब

### आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**राज्य ब्यूरो ● जागरण,** लखनऊ : उत्तर प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां गुरुवार को रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत में वोट डाले जाएंगे।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

अमर उजाला

# मत प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बनाएं

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को अफसरों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि मत प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बना लें। सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम कराएं। उन्होंने चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए आपसी समन्वय से काम करने को कहा। इसके लिए उन्होंने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, रैंप, वाहनों की उपलब्धता, शौचालय, व्हीलचेयर व अन्य की व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। (माई सिटी रिपोर्टर)

## हिन्दुस्तान

# चुनाव ड्यूटी में गर्मी से बचने को एडवाइजरी जारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। भीषण गर्मी की शुरुआत हो गयी है। ऐसे में मतदाता ही नहीं चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों अधिकारियों को भी गर्मी से दो-चार होना पड़ सकता है। लोग परेशान हो सकते हैं। इसी को देखते हुए निर्वाचन अधिकारी ने गाइडलाइन जारी कर दी है। इसे सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी भेज दिया गया है। लखनऊ में 20 मई को चुनाव होना है। इसी को देखते हुए निर्वाचन अधिकारी ने सभी के लिए अलर्ट तथा एडवाइजरी जारी की है। ताकि गर्मी में किसी को कोई परेशानी न हो सके।

### मतदान में इन्हें मिलेगी प्राथमिकता

मतदान में बुजुर्गों, छोटे बच्चों के साथ आने वाली महिलाओं, नि:शक्त व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। गर्मी से बचाने के लिए ही इन्हें प्राथमिकता मिलेगी। ताकि उन्हें अधिक देर तक घर के बाहर न रहना पड़े। ऐसे मतदाताओं को प्रत्येक चार-पांच मतदाताओं के उपरांत बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी की जाएगी। धूप से बचने के लिए प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर पांच गुणे पांच वर्गमीटर का टेंट भी होगा।

### सूती पकड़े पहनने की दी सलाह

- अपने साथ पेय जल रखें, सादा पानी, नींबू पानी या ओआरएंस का प्रयोग करें
- पोलिंग पार्टी तथा मतदान करने वाले लोग हल्के सूती वस्त्र पहनें, तेज धूप से बचें, छाता रखें, सर ढकने के लिए गमछा भी रखने की सलाह
- तेज धूप से बचने के लिए काला चश्मा भी रखें। ताजा भोजन करें
- मतदान स्थल पर स्वयंसेवी संस्थाओं को पानी पिलाने की जिम्मेदारी दी जाए। राजनीतिक व्यवित, कार्यकर्ता, उम्मीदवार को जिम्मेदारी न दें

### यह न करें

- सुबह खाली पेट न निकलें, पर्याप्त पानी और नाश्ता करने के बाद ही निकले
- धूप में ज्यादा न खड़े रहें
- बिना फोटो युक्त पहचान पत्र के मतदान केंद्र न जाएं
- बुजुर्गों व छोटे बच्चों के साथ आने वाली महिलाओं के लिए आरक्षित कुर्सी पर न बैठे हैं
- चाय, कॉफी व साफ्ट ड्रिंक का सेवन कम से कम करें, इससे शरीर में पानी की कमी की आशंका होती है।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 18 अप्रैल, 2024

## स्वतंत्र भारत

# आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में हटायी जा रही प्रचार सामग्री

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च-2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,02,63,795 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,66,957, पोस्टर के 29,09,078, बैनर के 17,64,067 एवं अन्य 8,70,029 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,34,633, पोस्टर के 18,52,442 बैनर के 9,88,283 एवं अन्य 6,78,306 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

## दैनिक जागरण



### लोकतंत्र में मेरी भी भागीदारी

देश में लोकतंत्र का उत्सव मनाया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियां जहां प्रचार में व्यस्त हैं, वहीं चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में आम चुनाव के पहले चरण के मतदान से पूर्व असम के नागांव जिले में रामनवमी के दिन घरेलू मतदान केंद्र बनाकर वरिष्ठ नागरिकों को मतदान कराया गया। इस दौरान अपने घर के बाहर ही बने बूथ पर अपना डाक मतपत्र डालता एक बुजुर्ग • रायटर

# नक्सल क्षेत्र में खौफ घटा, बढ़ेगा मतदान

अनिमेष पाल • नईदुनिया

**चुनाव की तैयारी**

- सलवा जुडूम आंदोलन के बाद से बीजापुर जिले का पालनार गांव हो गया था नक्सल प्रभावित
- सुरक्षा बल के आक्रामक अभियान और मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराने से ग्रामीणों में बढ़ा भरोसा

जगदलपुर: विस्मय और आश्चर्य से घूरती दर्जनों आंखें बता रही थीं कि हम उनके लिए वहां किसी बाहरी दुनिया के प्राणी सरीखे थे। गांव में वर्षों पहले तोड़ दिए गए स्कूल के खंडहर के पास दो माह पहले खोली गई राशन दुकान में ग्रामीणों की कतार थी। दुकान की दीवार पर कोयले से लिखी हुई नक्सलियों की चेतावनी बता रही थी कि कभी यह इलाका उनका आधार क्षेत्र रहा होगा। छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले का पालनार गांव 2005 में हुए सलवा जुडूम आंदोलन के बाद से नक्सल प्रभावित था। इसके बाद से यहां बाहरी लोगों का आना-जाना बंद था। तीन महीने पहले ही सुरक्षा बल ने फारवर्ड आपरेटिंग बेस कैंप खोला है, जिसे हाल ही में सत्ता में आई भाजपा सरकार विकास कैंप की तरह विकसित करने की बात कहती है। सुरक्षा बल के कदम पड़ने के बाद यहां नक्सली बैकफुट पर हैं। नक्सलियों से क्षेत्र को सुरक्षित करने व क्षेत्र के लोगों के मन में बैठे नक्सली भय को समाप्त करने सुरक्षा बल अभी आक्रामक अभियान चला रहे हैं। बीते सप्ताह इस गांव से तीन किलोमीटर दूर कोरचोली के जंगल में सुरक्षा बल ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था, जिससे ग्रामीणों के मन में सुरक्षा बल के प्रति भरोसा बढ़ने लगा है।

गांव में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदान दल को सुरक्षित पहुंचाने कैंप के पास ही हेलीपैड का निर्माण चल रहा है। 25 वर्ष बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण उत्साहित हैं। पालनार के 611 मतदाताओं में से 94 ने पिछले दिनों हुए विस चुनाव में मतदान किया था। 12.56 प्रतिशत मत पड़े थे। लोस चुनाव में मतदान बढ़ने की उम्मीद होगी।

पालनार पंचायत में तोड़का, सावनार व कोरचोली गांव आते हैं। यहां खोली गई राशन दुकान पर सावनार से आई बुधरी ताती ने बताया कि पहले वह राशन लेने पहाड़ पार कर 20 किमी दूर गंगालूर जाते थे। यहां सुरक्षा कैंप खोलने के बाद अब गांव में राशन मिल रहा है। गांव तक कच्ची सड़क भी बना दी गई है। मुन्नी ने बताया कि पहले गांव में कोई नहीं आता था और कोई भी व्यक्ति नक्सलियों के अनुमति के बिना गांव से बाहर नहीं जा सकता था। नक्सली यहां चुनाव का विरोध करते हैं। शांति ने बताया कि नक्सलियों ने स्कूल ढहा दिए थे। पिछले वर्ष एक झोपड़ी में स्कूल खोला गया है। ग्रामीण अब खुद को सुरक्षित महसूस करने लगे हैं। मतदान पर इसका असर दिखेगा।

**बारूद पर बनाई सड़क, पग-पग पर खतरा:** पालनार के लिए सुबह जिला मुख्यालय बीजापुर से निकलने ही वाले थे कि इसी क्षेत्र के पीड़िया में प्रेशर बम विस्फोट में दो जवान के घायल होने की खबर आई। दो माह पहले जब पालनार तक सड़क बनाई जा रही थी, तब सुरक्षा अधिकारी ने बताया था कि वहां 200 से अधिक प्रेशर बम मिले हैं, वहां पग-पग में बारूद बिछा है। तब भी खतरा उठाकर रास्ते में कई सुरक्षा कैंप को पार करते हुए चेरपाल और वहां से अभी-अभी बनाई गई कच्ची सड़क से पालनार पहुंचे। गांव के पहले सुरक्षा बल के कैंप में ही जवानों ने रोक लिया। बताया गया कि सुरक्षा अभियान चला रहा है, ऐसे में किसी को जाने की अनुमति नहीं है। दो महीने में कोई भी बाहरी व्यक्ति वहां नहीं गया है। हमें इस शर्त पर जाने को कहा गया कि कैंप के आगे सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी, पर गांव से वापिस लौटते हुए चेरपाल तक पग-पग पर सुरक्षा बल के जवान तैनात मिले।



### बस्तर लोस आंकड़ों में

- 1,957 मतदान केंद्र
- 234 विस्थापित केंद्र, जो किसी कारण से अन्य जगह बने
- 225 मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील
- 1,000 से अधिक केंद्र संवेदनशील
- 14,66,337 मतदाता करेंगे मतदान
- 1 लाख से अधिक सुरक्षा बल होंगे तैनात
- 66.04% मतदान हुआ था 2019 के चुनाव में

### गंगालूर पर हावी सुरक्षा बल

पालनार सहित आसपास के गांव में नक्सलियों के गंगालूर एरिया कमेटी की सक्रियता है। 1986 के आसपास नक्सलियों ने गंगालूर क्षेत्र में पैठ बनानी शुरू की थी। 2003 तक यह क्षेत्र पूरी तरह से नक्सलियों के कब्जे में आ गया था। सरकारी स्कूल व संस्थानों को ध्वस्त कर दिया गया। 2005 में सलवा जुडूम आंदोलन शुरू हुआ तो यहां युद्धस्तर पर नक्सलियों की भर्ती हुई। सुरक्षा बल ने 2018 के बाद यहां पुसनार, बेचापाल, हुर्रेपाल, बुर्जी में कैंप स्थापित किए थे। अब तीन माह के भीतर पालनार, डुमरीपालनार, चिंतावागु, कावड़गांव, मुतवेंडी, गुंडेम, पुतकेल व छुटवाही में कैंप स्थापित कर नक्सलगढ़ को घेर दिया गया है।